राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

(पूर्व राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड)
राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर – 302018
www.rsmssb.rajasthan.gov.in दूरभाष नं.–0141–2722520

क्रमांक : प.8 (32) R.S.S.B./प.आ./कनि.अनु. /सी.भ.प./2018/301 दिनांक: 11-06-2019

विज्ञप्ति

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा माह जुलाई, 2019 में आयोजित की जाने वाली सीधी भर्ती परीक्षाओं का विस्तृत कार्यक्रम निम्नानुसार है :–

क्र. सं.	पद का नाम (जिसके लिए परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है)	बोर्ड द्वारा जारी विज्ञापन संख्या (क्रमांक/दिनांक)	परीक्षा तिथि	परीक्षा का समय
1.	2.	3.	4.	5.
1.	फार्मासिस्ट	14/2018 (3104–3113/ 13.08.2018)	06.07.2019 (शनिवार)	प्रातः 08:00 बजे से प्रातः 11:00 बजे तक
2.	पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड–III	11/2018 (1609/21.05.2018)	06.07.2019 (शनिवार)	अपरान्ह 03:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक
3.	शीघ्रलिपिक (Stenographer)	13/2018 (2957/04.07.2018)	14.07.2019 (रविवार)	प्रथम प्रश्न पत्र प्रातः 08:00 बजे से प्रातः 11:00 बजे तक द्वितीय प्रश्न पत्र अपरान्ह 03:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक

इन परीक्षाओं के लिए ई–प्रवेश पत्र बोर्ड की वेबसाईट से डाउनलोड करने की तिथि बाबत् अलग से सूचित कर दिया जावेगा । आवेदक यह सुनिश्चित कर लें कि वे बोर्ड कार्यालय के उक्त विज्ञापनों के अनुसार निर्धारित पात्रता एवं शैक्षणिक योग्यता रखते हैं।

परीक्षार्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि परीक्षा केन्द्रों पर नकल एवं प्रतिरूपण की रोकथाम के लिए बहुत ही प्रभावी उपाय किये गये हैं। अतः परीक्षा में नकल/प्रतिरूपण कराने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के किसी झाँसे/बहकावे में नहीं आवें। नकल करने के लिए अनुचित साधनों का प्रयोग नहीं करें। नकल एवं प्रतिरूपण के प्रयास में पकड़े जाने पर आपराधिक प्रकरण दर्ज होने के साथ आपकी परीक्षा निरस्त होने एवं आगे आयोजित होने वाली बोर्ड परीक्षाओं में भाग लेने से रोक लगने से आपका कैरियर समाप्त हो सकता है।

परीक्षाओं के सम्बन्ध में विभिन्न सोशल मीडिया पर किये जा रहे भ्रामक प्रचार पर विश्वास न करें। बोर्ड द्वारा राज्य स्तरीय प्रतिष्ठित समाचार–पत्रों में एवं बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर प्रकाशित विज्ञप्ति द्वारा दी गई जानकारी को ही अधिकृत माना जावे। नवीनतम एवं अद्यतन सूचनाओं की जानकारी के लिए बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in का नियमित रूप से अवलोकन करें।

(डॉ. बी0 एल0 जाटावत)
अध्यक्ष